**फर्द अहकाम**

**अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सिकराय (दौसा )**

**मीठालाल बनाम जसोदा वगै0**

**किस्म मुकदमा प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा मु.न. 50 /2024**

| तारीख हुक्म | | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| .05.2024 | प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा मय शपथ पत्र मय दस्तावेजों की नकलो की छाया प्रतिया संलग्न कर जरियें प्रार्थी अधिवक्ता श्री सी0एल0 मीना एड0 द्वारा पेश किया गया। हमने प्रार्थी अधिवक्ता की प्रा0 अस्थाई निषेधाज्ञा के अंतरिम अनुतोष पर एक पक्षीयए बहस सुनी गई बहस का मनन किया गया पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजो की छायाप्रतियों का अवलोकन किया गया हमने प्रथम दृष्टया प्रार्थी अधिवक्ता की बहस से संतुष्ट होकर् यह पाया कि प्राईमा फैसी केस, सुविधा का संतुलन व अपूर्णनीय क्षति का सिद्वान्त प्रथम दृष्टया प्रार्थी के पक्ष में पाये जाने पर अप्रार्थीगणो को अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।<br>अतः पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को इस आशय कि अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वाके ग्राम गूजर बैराडा तहसील बहरावण्डा जिला दौसा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 473, 435, 451, 453, 454, 459, 460, 461, 462, 463, 464, 465, 466, 467, 525, 526, 527, 528 में आगामी आदेश तक राजस्व रिकॉर्ड एवं मौके की यथास्थिति बनाएं रखें । अप्रार्थीगण की तलबी जरिये रजिटर्ड डाक से की जावे। पत्रावली वास्ते इन्तजार तामील अप्रार्थीगण दिनांक 15.07.2024 को पेश हो ।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>सिकराय (दौसा) | |
| 15/7/24 | पत्रावली पेश हुई, वकीलों द्वारा कार्य स्थगन/P.O. श्री राज्य कार्य में व्यस्त, दौरे पर होने से जनरल तारीख पेशी लगा दी गई। पत्रावली दिनांक 23/9/24 को पेश हो। | |
| 6/8/24 | मूल वाद में प्रा0पत्र मिस्ल तलबी एवं प्रा0पत्र डिक्री हेतु पेश किए जाने पर मूल वाद के साथ पत्रावली तलब की गई। इसलिए प्रा0पत्र अस्थाई निषे0 खारिज किया जाता है। चूंकि मूल वाद को खारिज किया जा चुका है, इसलिए प्रा0पत्र अस्थाई निषे0 खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>सिकराय (दौसा) | मीठालाल |